JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI-834004
Phone :- 0651-2400852,2400851 Fax :- 0651-2400850: www.jspcb.org

पत्रांक. PC/PH/DHN/01/2017/ राँची, दिनांक..................

प्रेषक,

एस० के० सुमन,
सदस्य सचिव।

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
झारखण्ड सरकार, राँची ।

विषय: **झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् का एक सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में ("New Ammonia/ Urea plant of capacity- 2200 MTPD Ammonia and 3850 MTPD Urea of M/s Hindustan Urvarak & Rasayan Ltd., within closed plant premises of Fertilizer Corporation of India Ltd., At-Sindri Unit, Dhanbad, Dist- Dhanbad, Jharkhand" का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 08.04.2017 (दिन–शनिवार)को पूर्वाहन् 11.00 बजे "Officer's Club at Fertilizer Corporation of India Ltd. / PDIL, At+PO- Sindri, Dist- Dhanbad, Jharkhand" में लोक सुनवाई निर्धारित करने सम्बन्धी ।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के प्रसंग में अनुरोध है कि इस पर्षद से सम्बन्धित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो **घनबाद** जिला में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार प्रकाशन कराया जाय।

1. हिन्दुस्तान, **घनबाद** संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि 04.03.2017
2. टाईम्स ऑफ इण्डिया, दिल्ली एवं राँची राष्ट्रीय संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि 04.03.2017

कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) 10cm x12cm में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन सुनिश्चित कराने की कृपा की जाय। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् विज्ञापित सामग्रियों की एक प्रति अभिलेख हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने को कष्ट करें ।

विश्वासभाजन,

अनु0 यथोपरि।

ह0 / –
(एस०के० सुमन)
सदस्य सचिव

ज्ञापांक. PC/PH/DHN/01/2017/ D-922 राँची, दिनांक 01-03-17

प्रतिलिपिः लेखाशाखा, मुख्यालय राँची / वेबसाईट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(एस० के० सुमन)
सदस्य सचिव

Rizvi- Hindustan Urvarak & Rasayan Limited (Hurl) Dhanbad /1

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI-834004
Phone :- 0651-2400852,2400851 Fax :- 0651-2400850: www.jspcb.org

लोक सुनवाई की सूचना

"New Ammonia/ Urea plant of capacity- 2200 MTPD Ammonia and 3850 MTPD Urea of M/s Hindustan Urvarak & Rasayan Ltd., within closed plant premises of Fertilizer Corporation of India Ltd., At- Sindri Unit, Dhanbad, Dist- Dhanbad, Jharkhand" का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि दिनांक **08.04.2017(दिन–शनिवार)** को पूर्वाहन् **11.00** बजे **"Officer's Club, At Fertilizer Corporation of India Ltd. / PDIL, At+PO- Sindri, Dist- Dhanbad, Jharkhand"** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना से सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें एवं अपने विचार से अवगत करायें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से सूचना उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट–धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **धनबाद / पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय सह प्रयोगशाला, एच0 आई0 जी0– 1, हाउसिंग कॉलोनी, हीरापुर, धनबाद** में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.2009 के अनुरूप होगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्रॉफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक–एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **धनबाद** ।
2. जिला उद्योग केन्द्र, **धनबाद** ।
3. जिला पर्षद्/नगर निगम **धनबाद** ।
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची।
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, **एच0 आई0 जी0– 1, हाउसिंग कॉलोनी, हीरापुर, धनबाद** ।
6. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, (राँची) बंगला न0 ए–2, श्यामली कॉलोनी , राँची – 834 002
7. सम्बन्धित पंचायत।
8. सम्बन्धित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय।

(एस०के० सुमन)
सदस्य सचिव

Rizvi- Hindustan Urvarak & Rasayan Limited (Hurl) Dhanbad /2